उत्तर प्रदेश शासन
वित्त (सेवायें) अनुभाग-4 (अधि0)
संख्या-30/2015-एस0ई0-4-964/दस-2015-ई0एम0-28/2014
लखनऊ : दिनांक : 26 मार्च, 2015

कार्यालय-आदेश

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रशासनिक सुधार अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-2/2015/445/43-2-2014-15/2(2)/03टीसी, दिनांक 18-03-2015 के अनुपालन में वित्त विभाग में कार्यरत समस्त अनुभाग अधिकारियों को पदेन जन सूचना अधिकारी नामित किया जाता है एवं जहाँ अनुभाग अधिकारी का पद रिक्त है, वहाँ सूचना का अधिकार से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण रिक्त अनुभाग के प्रभारी अधिकारी अनु सचिव या उप सचिव जैसी भी स्थिति हो, द्वारा कराया जायेगा। इसके साथ ही अनुभाग अधिकारी से ऊपर आसन्न अधिकारी (अनु सचिव/उप सचिव/संयुक्त सचिव/विशेष सचिव) अपीलीय अधिकारी होंगे।

राहुल भटनागर
प्रमुख सचिव।

संख्या-30/2015-एस0ई0-4-964(1)/दस-2015-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) निजी सचिव, प्रमुख सचिव/सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
(2) सचिव, राज्य सूचना आयोग, उ0प्र0, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
(3) वित्त विभाग के समस्त विशेष सचिव/संयुक्त सचिव/उप सचिव/अनु सचिव।
(4) वित्त विभाग के समस्त जन सूचना अधिकारी।
(5) प्रशासनिक सुधार अनुभाग-2
(6) विभागीय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

(अरविन्द मोहन चित्रांशी)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in